# खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर बिजनेसमैन की बहू कंचन व पोती

## 'लड़की नहीं लड़का चाहिए, तू कलंक है हमारे परिवार के लिए'

**हनुमानगढ़, (निसं)।** लड़की नहीं, लड़का चाहिए । तू परिवार के लिए कलंक है। 5 लाख रुपए दहेज के अपने घरवालों से लाकर दे, तभी तुझे घर में घुसने देंगे। इतना कहते-कहते कंचन फफक-फफक कर रोने लगती है। कभी वो सामने पति के आलीशान घर को देखती है तो कभी अपनी मासूम ढाई साल की बेटी को। जिस बिजनेसमैन परिवार की बहू को इस आलीशान घर में होना चाहिए, वो सड़क किनारे ठिठुर रही है। सर्द रात में खुले आसमान के नीचे मां-बेटी को पड़ोसियों ने देखा तो रहा नहीं गया। उन्होंने कंबल और बिस्तर दिए। कंचन ने यह भी लेने से इनकार कर दिया। पड़ोसियों ने बेटी का हवाला देकर समझाया तब कंचन ने कंबल और बिस्तर रखे।

हनुमानगढ़ के टोपरियां के रहने वाले कंचन के पिता आदराम ने अपनी बेटी के साथ हो रहे अन्याय की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। आदराम की ओर से दी गई रिपोर्ट के अनुसार, कंचन की शादी करीब 4 साल पहले गोलूवाला सिहागान के वार्ड 1 निवासी प्रवीण पुत्र ओमप्रकाश सोनी के साथ हुई थी। 1 साल पहले ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे घर से निकाल दिया था, जिसके बाद से वो पीहर में ही रह रही है। 8 दिसंबर को कंचन की ननद की शादी है। पति से मिलने और शादी में शामिल होने के लिए कंचन अपनी ढाई साल की बेटी भाविका के साथ शाम को गोलूवाला आई थी। ससुराल पक्ष की महिलाओं ने उसे घर में घुसने नहीं दिया । कंचन को धक्के मारकर और बाल पकड़कर घर से बाहर निकाल दिया गया।

बड़े बिजनेसमैन की बहू कंचन इसी घर के सामने धरने पर बैठी है।

- **मामला दर्ज होने के बाद विवाहिता का ससुर ओमप्रकाश अपने पिता मोहन सोनी के साथ गायब**

उसके साथ उसकी ढाई साल की बेटी भी है। घर में ननद की शादी की तैयारियां चल रही हैं।

गोलूवाला थाना प्रभारी भजनलाल लावा ने बताया कि कंचन के पिता की रिपोर्ट के आधार पर दहेज के लिए मारपीट करने की धाराओं में ओमप्रकाश सोनी की मां शांति देवी, बहन कमला, पत्नी मंजू देवी, बेटी ईशु के खिलाफ नामजद और एक अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला दर्ज होने के बाद विवाहिता का ससुर ओमप्रकाश सोनी अपने पिता मोहन सोनी के साथ घर से गायब हो गया है। इनकी किराना और आढ़त की दुकानें हैं, जो बंद बताई जा रही हैं।

कंचन अपनी ढाई साल की बेटी के साथ खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर है। उसने भी ठान लिया है कि जब तक उसे न्याय नहीं मिलेगा, धरना खत्म नहीं करेगी।

ससुराल में घर के बाहर धरने पर बैठी कंचन ने रोते हुए कहा- उसका पति उसके साथ रहने को राजी है। ससुराल पक्ष के लोग उससे बात तक नहीं करने दे रहे हैं। पुलिस ने उसे जरूर सुरक्षा दी है। एक महिला कॉन्स्टेबल और पुरुष कॉन्स्टेबल पूरी रात मेरी सुरक्षा में तैनात रहे। प्रशासन उसकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। जब तक मुझे न्याय नहीं मिलेगा, मैं यहां से नहीं हटने वाली। चाहे कितने भी दिन यहां बैठना पड़े।

कंचन ने कहा- मैं पिछले एक महीने से ननद की शादी में शामिल होने की कोशिश कर रही हूं। मुझे शामिल नहीं होने दे रहे हैं। ये लोग बोल रहे हैं कि उनको मुझसे खतरा है। मैं कोई आतंकवादी हूं, मैं कोई फूलन देवी हूं, जो इनको खतरा है। मेरे बैग में कोई हथियार है। मैं तो हंसी-खुशी अपनी ननद की शादी में शामिल होना चाहती हूं। बोल रहे हैं कि तेरे पिता को बोल हमें 5 लाख रुपए देंगे तो ही तुझे शादी में शामिल करेंगे, वरना नहीं करेंगे। इन्होंने मेरे सारे जेवर यहां तक कि मेरा मंगलसूत्र भी छीन लिया है। गांव के प्रमुख लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला खत्म करने की कोशिश की, लेकिन विवाद और बढ़ गया। कंचन पूरी रात खुले आसमान के नीचे रही।

# हाईकोर्ट ने पर्याप्त स्टाफ व संसाधन नहीं होने पर राज्य सरकार से मांगा जवाब

## मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरणों से जुड़ा था मामला

**जोधपुर, (कासं) ।** राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल और न्यायाधीश दिनेश मेहता ने कहा है कि दो सप्ताह में हलफनामा और आवश्यक सामग्री पेश कर बताएं कि अपने प्रशासनिक आदेश से राज्य मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण के लम्बित प्रकरण को अन्य न्यायालयों में क्षेत्राधिकार और श्रवनाधिकार बताकर उन्हें हस्तांतरित कर सकता है। उन्होंने राज्य सरकार को भी न्यायालय के 23 नवंबर के आदेश की पालना में यह विगत वार बताने का निर्देश दिया है कि राज्य में स्थापित 31 दावा अधिकरण में पर्याप्त स्टाफ और संसाधन उपलब्ध है।

जिला अभिभाषक संघ, बांसवाड़ा की ओर से जनहित याचिका पर बहस करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि राज्य के दावा अधिकरणों में न तो समुचित स्टाफ है और न ही समुचित संसाधन और सुविधाएं हैं।उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के प्रशासनिक आदेशों से श्रम न्यायालय जोधपुर महानगर और अन्य जगहों पर

- **'दो सप्ताह में हलफनामा और आवश्यक सामग्री पेश कर बताएं कि अपने प्रशासनिक आदेश से राज्य मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण के लम्बित प्रकरण को अन्य न्यायालयों में क्षेत्राधिकार और श्रवनाधिकार बताकर उन्हें हस्तांतरित कर सकता है?'**

भी मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण के लम्बित प्रकरण पारिवारिक न्यायालय, श्रम न्यायालय और अपर जिला न्यायालयों में क्षेत्राधिकार देकर हस्तांतरित कर दिए गए है लेकिन अधिकांश जगह लेखाधिकारी, स्टेनोग्राफर और अन्य स्टाफ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं किए जा रहे है,जिससे दुर्घटना दावों का निस्तारण अत्यधिक देरी से हो रहा है। सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ता संदीप शाह ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश की पालना में मोटर दावा अधिकरणों में अधिकांश जगह लेखाधिकारी और स्टेनोग्राफर नियुक्त कर दिए गए हैं। हाईकोर्ट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डा सचिन आचार्य ने कहा कि हाईकोर्ट के प्रशासनिक आदेशों से ही मोटर दावा अधिकरणों के काफी मामले अन्य न्यायालयों को क्षेत्राधिकार देते हुए हस्तांतरित किए गए हैं।

मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल और न्यायाधीश दिनेश मेहता की खंडपीठ ने हाईकोर्ट को कहा कि वे दो सप्ताह में हलफनामा और आवश्यक सामग्री पेश कर बताएं कि क्या वे मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण के क्षेत्राधिकार के प्रकरण अन्य न्यायालयों को अपने प्रशासनिक आदेश से उन्हें प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने राज्य सरकार को भी इसी अवधि में अपने पूर्व आदेश की पालना में हलफनामा और तालिका पेश कर यह अवगत कराएं कि 31 मोटर दावा अधिकरणों में पर्याप्त स्टाफ और समुचित संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध है।

# सरदारशहर उप चुनाव में कांग्रेस के अनिल 26852 मतों से जीते

**चूरू/ सरदारशहर, (कासं)।** चूरू जिले के सरदारशहर विधानसभा उप चुनाव अंतर्गत पड़े मतों की गणना गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना के बाद इंडियन नेशनल कांग्रेस के अनिल कुमार शर्मा 26852 मतों से निर्वाचित घोषित किए गए। रिटर्निंग अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने निर्वाचित उम्मीदवार को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

रिटर्निंग अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि ईवीएम तथा पोस्टल बैलेट मतों की गणना के बाद घोषित आखिरी परिणाम के अनुसार इंडियन नेशनल कांग्रेस के अनिल कुमार शर्मा को 91357 मत, भारतीय जनता पार्टी के

- **क्या बेनीवाल के प्रत्याशी के कारण कांग्रेस की जीत आसान हुई?**

अशोक कुमार को 64505 मत, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के लाल चंद मूंड को 46753 मत, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सिसिस्ट के सांवर मल मेघवाल को 2071 मत, इंडियन पीपल्स ग्रीन पार्टी के परमाना राम को 928 मत, निर्दलीय उमेश सहू को 331, निर्दलीय प्रेम सिंह को 189 मत, निर्दलीय विजय पाल सिंह खुशनामा जनादेश को 311 मत, निर्दलीय सुभाष चंद्र को 968 मत, निर्दलीय सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित को 647 मत मिले। कुल 2 लाख 9 हजार 837 मतों में से 1777 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया।

मतगणना के अंतिम दौर से पहले ही दूसरे स्थान पर रहे भाजपा के अशोक कुमार और तीसरे स्थान पर रहे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के लाल चंद मूंड एक साथ मतगणना स्थल से बाहर चले गए। यहां भाजपा उम्मीदवार अशोक कुमार के चेहरे पर काफी मायूसी दिखाई दी। इस दौरान मतगणना स्थल पर पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश गौतम, सीईओ पीआर मीणा, एसडीएम निखिल कुमार, तहसीलदार धीरज झाझड़िया सहित प्रशासन, पुलिस और निर्वाचन से जुड़े विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो बदमाश पकड़े

**अजमेर, (कास)।** अजमेर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पश्चिम बंगाल हाल शीशा खान निवासी तैयब (26) पुत्र शरकत मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से धारदार चाकू बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपी थाना क्षेत्र में किसी वारदात की फिराक में थे। रामगंज थाना पुलिस की टीम ने तारागढ़ रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। जिसके पास तलाशी में धारदार चाकू बरामद हुआ। चाकू के बारे में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। दूसरी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के हजारीबाग स्थित मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा जिसके पास तलाशी में चाकू बरामद हुआ। जिससे पूछताछ की गई तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। बाद में उसके खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए शीशा खान निवासी मोहम्मद तस्लीमुद्दीन (29) को गिरफ्तार किया गया।

# जेडीए भूखण्डों का ई-नीलामी कार्यक्रम जारी

**जोधपुर, (कासं)।** आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण नवनीत कुमार द्वारा प्राधिकरण की आय के स्त्रोतों को बढाने, आय में वृद्धि करने तथा आमजन व शहर के महत्वपूर्ण विकास कार्यो को गति प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयुक्त नवनीत कुमार के निर्देशानुसार प्राधिकरण द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के आवासीय एवं व्यवसायिक भूखण्डों का ई-नीलामी कार्यक्रम माह दिसम्बर-जनवरी 2022-2023 जारी किया जा चुका है। सोमवार, 19 दिसम्बर से ई-नीलामी कार्यक्रम अनुसार भूखण्डों की नीलामी के लिए आवेदकों ने धरोहर राशि जमा करावाने के साथ ऑनलाईन बिड लगायी जा सकती है।

जोधपुर विकास प्राधिकरण की योजनाओं में भूखण्डों के क्रय के लिए आमजन, व्यवसायियों, उद्योगपतियों इत्यादि में भारी उत्साह तथा महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रति रूझान एवं आकर्षण बढा है। जेडीए नीलामी शाखा प्रभारी केवलचन्द गहलोत ने बताया कि 19 दिसम्बर से 27 जनवरी 2023 तक जारी ई-नीलामी कार्यक्रम के अन्तर्गत जेडीए की महत्वकांक्षी विवेक विहार आवासीय योजना के विभिन्न सेक्टर, राज्य कर्मचारी आवासीय योजना, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय विहार आवासीय योजना, मण्डलनाथ आवास योजना, दंतोपथ ठेगडी नगर योजना, सुन्दरसिंह भण्डारी नगर आवासीय योजना आवासीय योजना, अरणा विहार योजना, झरणा विहार योजना, आनन्द विहार योजना के विभिन्न आवासीय भूखण्डों को नीलामी के जरिये विक्रय किया जाएगा।

इसी प्रकार माह दिसम्बर-जनवरी 2022-2023 ई-नीलामी कार्यक्रम अनुसार प्राधिकरण ने परिवहन नगर आंगणवा/ट्रांसपोर्ट नगर योजना, खसरा संख्या 269 कुडी भगतासनी मुख्य पाली रोड, ब्लॉक ए चौखा एवं अपनाघर राधाकृष्णपूरम योजना ग्राम चौखा में स्थित व्यवसायिक भूखण्डों की भी नीलामी की जाएगी। भूखण्डों के लिए ईएमडी राशि जमा करवाने की प्रारंभिक तिथि 19 दिसम्बर रखी गयी है तथा ऑनलाईन बिड लगाने की अन्तिम तिथि योजनावार विभिन्न भूखण्डों के लिए अलग-अलग निर्धारित की गई है। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्ते प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

**कैम्प में पट्टों का वितरण किया:-** जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त नवनीत कुमार एवं सचिव जयनारायण मीणा द्वारा गुरूवार को प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत बांकिया बेरा मगरा पुंजला में प्राधिकरण द्वारा आयोजित जोन 6 के शिविर स्थल का दौरा करते हुए शिविर के दौरान सम्पादित किए जाने वाले कार्यो का निरीक्षण किया गया। शिविर के दौरान राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी, महापौर उत्तर कुंती देवड़ा परिहार, जेडीए आयुक्त नवनीत कुमार एवं सचिव जयनारायण मीणा, उपायुक्त जोन 6 श्रवण कुमार द्वारा आमजन को पट्टों का वितरण किया गया।

उपायुक्त जोन 6 श्रवण कुमार ने बताया कि गुरूवार को शिविर के दौरान आमजन के भारी रूझान के कारण 150 से अधिक आवेदनों का निस्तारण करते हुए पट्टों का वितरण किया गया। इसी प्रकार आज शुक्रवार दिनांक 9 दिसम्बर को भी जोन 6 के विभिन्न खसरों हेतु बांकिया बेरा मगरा पुंजला में ही शिविर का आयोजन रखा गया है। गुरूवार शिविर के दौरान जनप्रतिनिधि, विशिष्टजन सहित भारी संख्या में आवेदक मौजूद रहे।

# ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान का आगाज

**हिण्डौन सिटी, (कासं.)।** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए किसान नेता रामनिवास मीना के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान ईआरसीपी में शामिल पूर्वी राजस्थान के सभी 13 जिलों में चलाया गया है। किसान नेता रामनिवास मीना ने बताया कि अभियान पूरा होने पर सभी हस्ताक्षर पत्रों को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजकर ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का आग्रह किया जाएगा।


ईआरसीपी किसान विकास समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने बताया कि समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने ईआरसीपी के प्रति आमजन में जागरूकता लाने एवं राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए पूर्वी राजस्थान के



ईआरसीपी के पदाधिकारियों ने जनमत हस्ताक्षर पत्र का विमोचन किया।

13 जिलों में जनमत हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। इस जनमत हस्ताक्षर पत्र का विमोचन करते हुए प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने आमजन को यह कहते हुए समर्पित किया है कि चंबल का पानी खेतों तक लाने के लिए 13 जिलों के निवासी सभी लोग अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना विकास समिति से जुडे कार्यकर्ता से गांव स्तर पर आमजन तक पहुंचने का आग्रह किया।

कार्यकतर्ता ईआरसीपी के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ जनमत पत्र पर निवेदन पूर्वक हस्ताक्षर कराएंगे। किसान विकास समिति के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष संगीता गुर्जर ने कहा कि जनमत हस्ताक्षर अभियान में 13 जिलों की महिलाएं भी बड़ी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने बताया कि किसान विकास समिति से जुडी महिला कार्यकर्ता गांव और ढाणियों में जाएंगी और सभी को ईआरसीपी के बारे में जानकारी देकर हस्ताक्षर कराएंगी। जनमत हस्ताक्षर पत्र को आमजन के लिए समर्पित किए जाने के दौरान किसान विकास समिति के प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोट, प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह गुर्जर, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष हरिमोहन गुर्जर, धवान के पूर्व सरपंच कैलाश मीना आदि पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



**जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में चल रहे 23वें जोधपुर पोलो सीजन में गुरुवार को उम्मेद भवन पैलेस कप अरीना पोलो ( 4 गोल ) टूर्नामेंट के तीसरे दिन दो मैच खेले गये। पहला मैच दोपहर 3 बजे ब्लैक बक्स व मेयो कॉलेज के बीच व व दूसरा मैच उम्मेद भवन पैलेस व इण्डियन नेवी के बीच खेला गया। एक गोल की शुरुआती बढत के साथ खेलते हुए मेयो कॉलेज की टीम ने ब्लैक बक्स को नौ के मुकाबले दस गोल कर एक गोल के अन्तर से हराया जबकि दो गोल की शुरुआती बढत के साथ खेलते हुए उम्मेद भवन टीम ने इण्डियन नेवी को तीन के मुकाबले दस गोल कर सात गोल के अन्तर से हराया। जोधपुर पोलो एवं इस्क्स्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव जंगजीत सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में गुरूवार दोपहर 3 बजे खेले गये मैच में काले टी-शर्ट में ब्लैक बक्स टीम की ओर से खेलते हुए धनन्जय सिंह ने पहले चक्कर में तीन गोल दागे।**

# शहीद डॉ. जितेंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण



गांव सलेमपुर कला में प्रतिमा अनावरण के अवसर पर मौजूद परिजन।

**हलैना, (निस)।** भारत-पाकिस्तान की सीमा पर शहीद हुए गांव सलेमपुर कला निवासी बीएसएफ कमांडेंट डॉ जितेन्द्र सिंह स्मारक का लोकार्पण व शहीद की प्रतिमा का अनावरण भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया मुख्य आतिथ्य तथा शहीद के पिता समंदरसिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश मंत्री महेंद्र जाटव, डांग विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जवाहरसिंह बेढम, सांसद रंजीता कोली पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली, पूर्व जिला प्रमुख राजवीर सिंह, पूर्व जिला प्रमुख द्वारकाप्रसाद गोयल, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन रारह, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ पवन धाकड़, पंचायत समिति बयाना के प्रधान मुकेश कोली, पंचायत समिति वैर के पूर्व प्रधान पंकज बिजवारी विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि डॉ. सतीश पूनिया और अन्य अतिथियों ने शहीद की धर्मपत्नी रेनू सिंह शहीद के पिता समंदर सिंह शहीद की माता सुमित्रा सिंह शहीद की धर्म पति के भाई रतन सिंह आदि का शॉल और दुपट्टा ओढ़ा कर कर सम्मान किया। बीएसएफ के जवानों ने शहीद डॉ. जितेंद्र सिंह को गॉड ऑफ ऑनर दिया और परिजनों का सम्मान किया।

## नहर से मिला पानी, किसान खुश

**कामां, (निस)।** कामां क्षेत्र के कनवाड़ा ग्राम पंचायत, छिछरवाड़ी ग्राम पंचायत सहित सुनहरा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में माइनर का पानी पहुंचने पर किसान खुश नजर आए।

किसानों ने मंत्री जाहिदा खान एवं ग्राम पंचायत सरपंचो का आभार व्यक्त किया। कनवाड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र गुर्जर ने बताया कि कनवाड़ा, छिछरवडी, सुनहरा तीनों ग्राम पंचायत के दर्जनों गांवों में जलस्तर भी काफी नीचे चला गया था। करीब पांच माह पहले मंत्री जाहिदा खान को किसानों की समस्या से अवगत कराया था। जिसके बाद मंत्री जाहिदा खान ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पैमाइश कर किसानों की समस्या के लिए माइनर निकालने के लिए निर्देश दिए।

छिछरवाडी ग्राम पंचायत सरपंच अशोक सैनी और कनवाड़ा ग्राम पंचायत सरपंच ने सामूहिक तौर पर सिंचाई विभाग अधिकारियों के मार्गदर्शन में जेसीबी से इन्दौली से लेकर मुल्लाका मार्ग तक माइनर को खुदवाया गया। जिसमें बुधवार शाम को गुडगांवा कैनाल नहर से पानी पहुंचने के बाद किसानों की खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। पूर्व जिला पार्षद सदस्य चंदन सिंह पहलवान के नेतृत्व में किसानों ने पीसीसी सदस्य और पूर्व प्रधान जलीस खान सहित कनवाड़ा सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र गुर्जर का फूल माला पहना एवं साफा बांधकर स्वागत किया।

# नौंवे दिन भी जारी रहा न्यायिक कर्मचारियों का आंदोलन, नहीं लौटे काम पर

## झुंझुनूं जिलाध्यक्ष मूंड की संदेहास्पद मौत की जांच को लेकर चल रहा आंदोलन

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा झुंझुनूं के बैनर तले चल रहा प्रदर्शन नौंवे दिन भी जारी रहा। बृहस्पतिवार को धरने की अध्यक्षता न्यायिक कर्मचारी द्वारकाप्रसाद वर्मा, स्टेनोग्राफर द्वारा की गई। जिला शाखा झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सुभाषचंद्र मूंड ने बताया कि जयपुर मुख्यालय पर पदस्थापित साथी कर्मचारी सुभाष मेहरा की न्यायिक अधिकारी के आवास पर संदेहास्पद मृत्यु की जांच के संबंध में प्रदेश स्तर पर चल रहे आंदोलन में सम्मिलित होते हुए झुंझुनूं मुख्यालय सहित खेतड़ी, चिड़ावा, पिलानी, बुहाना, सूरजगढ़, उदयपुरवाटी, नवलगढ़ के न्यायिक कर्मचारीगण ने बृहस्पतिवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहकर कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरने पर बैठे तथा जब तक कर्मचारी संघ की मांगें नहीं मान ली जाती। तब तक जिला शाखा झुंझुनूं के कर्मचारीगण सहित संपूर्ण राजस्थान के न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहकर धरना प्रदर्शन करेंगे तथा मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में धरनास्थल



जिलाध्यक्ष मूंड की हत्या मामले में जांच की मांग को लेकर साथी वकीलों ने प्रदर्शन किया।

पर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर आंदोलन को तेज करने के लिए प्रभावी निर्णय लिए जाकर आंदोलन को आगे बढाया जाएगा।

कर्मचारी संघ अध्यक्ष द्वारा आगे जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी संघ झुंझुनूं एवं राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ झुंझुनूं द्वारा भी उक्त धरने को प्रतिदिन समर्थन दिया जा रहा है तथा अभिभाषक संघ झुंझुनूं द्वारा भी समर्थन किया गया तथा कर्मचारीगण की मांगे मानने के लिए बृहस्पतिवार को भी समस्त अभिभाषकों द्वारा कार्यस्थगन रखा गया तथा न्यायालयों में अपनी उपस्थिति नहीं दी गई।

धरने में धरनास्थल पर बाबूलाल सैनी, ताराचंद सैनी, महेंद्रसिंह, राजेशकुमार, सुरेंद्रकुमार, रामजीलाल, शीशराम, सुधीरकुमार, संजय मीणा, विक्रमसिंह पूनियां, जितेंद्रकुमार सैनी, सुरेश कुमार पूनियां, सुनिल यादव, अशोक जोशी, राजकुमार सैन, धर्मेंद्र कुमार, मोहम्मद रफीक, नरेश कुमार, अरुणसिंह शेखावत, झंडूराम, अमरचंद, प्रमोद कुमार, अशोककुमार सैनी, जयवीरसिंह, रविकुमार सैनी, कपिल शर्मा, गिरधारीसिंह शेखावत, गुलजार अली, मुकेश कुमार, राजेंद्रसिंह शेखावत, विकासकुमार, शुभम, सद्दाम हुसैन, विजयपाल, करणपालसिंह, रोहित शर्मा, सुभाषचंद्र सोनी, रामसिंह झाझड़िया, विशाल सुरोलिया, हजारीलाल चंदेल सहित महिला कर्मचारीगण में रजनी चौधरी, निर्मला, अनिता, अंजना यादव, वेद कौर, सुनिता, किरण कुमारी, प्रज्ञा आदि न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे। न्यायिक कर्मचारीगण के सामूहिक अवकाश पर रहने एवं अभिभाषक संघ झुंझुनूं द्वारा कार्यस्थगन रखे जाने के कारण न्यायालयों का समस्त कार्य प्रभावित हुआ तथा पक्षकारान को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा। अगर कर्मचारी संघ की मांगे नहीं मानी जाती हैं तो शुक्रवार को भी धरना जारी रहेगा।